डीसीपी ने सायबर अपराधों से बचने के दिए टिप्स

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

सायबर अपराधों से बचने के टिप्स देने के लिए डीसीपी जोन-1 अमित तोलानी सदर बाजार पहुंचे। लोगों के बीच पहुंचकर डीसीपी तोलानी ने ईद की बधाई देते हुए लोगों को बताया कि व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ हमें अपनी सायबर सुरक्षा भी रखना जरूरी है, जिसके लिए हम जितने जागरूक होंगे उतना ही हम सायबर अपराधों से बच सकते हैं। डीसीपी तोलानी ने कहा कि अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर ना जुड़े। अपनी व्यक्तिगत जानकारी, फोटो किसी भी अनजान व्यक्ति को ना दे। अपनी बैंक संबंधित जानकारी ओटीपी, पिन सीवीवी भी किसी के साथ शेयर ना करे। इन बातों का ध्यान रखकर हम सायबर फ्रॉड से बच सकते हैं।